Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to widen the hammir bridge in Sawai Madhopur in Rajasthan.

श्री सुखबीर सिंह जौनापुरिया (टोंक-सवाई माधोपुर): मेरे संसदीय क्षेत्र के सवाई माधोपुर में विश्व प्रसिद्ध रणथम्भौर नेशनल पार्क है जिसमें लाखों की संख्या में हर वर्ष देश एवं विदेश से पर्यटक घूमने आते हैं सवाई-माधोपुर शहर में बहुत बड़ा रेलवे स्टेशन है जिसमें लाखां की संख्या में यात्री आते-जाते हैं। सवाई माधोपुर में हम्मीर ब्रिज रेलवे लाइन पर वर्ष 1975 से पूर्व का 7 मीटर चौड़ाई में बना हुआ है परंतु बढ़ती हुई आबादी एवं वाहनों के मद्देनजर इस पुल पर दिन में अनेकों बार यातायात अवरुद्ध हो जाता है। वर्तमान में अधिक लंबे एवं भारी वाहनों की संख्या बहुत ज्यादा होने के कारण पुल क्षतिग्रस्त होने की संभावना बढ़ती जा रही है। यह पुल का एकमात्र विकल्प है जो पुराने शहर सवाई माधोपुर को नये शहर बजरिया मानटाउन एवं पंचायत समिति मुख्यालय खण्डहार तथा मध्य प्रदेश के यातायात को जोड़ रहा है। सवाई माधोपुर शहर को जाम से निजात दिलाने के लिए हम्मीर ब्रिज को दोनों तरफ 5-5 मीटर चौड़ा किया जाए। जिसकी अनुमानित लागत 6092.00 लाख रुपये है।